## एक नजर में

### एसडीएम ने साइकिल चलाकर बढ़ाया युवाओं का हौसला

**नर्मदापुरम.** इटारसी में 'नमो फिट इंडिया – संडेज़ ऑन साइकिल' अभियान के तहत रविवार, 14 सितम्बर 2025 को एक भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली में शहर और आसपास के क्षेत्रों से 400 से अधिक साइकिलिस्टों ने भाग लेकर फिटनेस और स्वास्थ्य का संदेश दिया। आयोजन में एसडीएम टी. प्रतीक राव, आईएएस स्वयं भी साइकिल रैली में शामिल हुए और पूरे 3.5 किलोमीटर तक साइकिल चलाकर युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उनके नेतृत्व और सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान रैली के सफल संचालन में सीपीईई इंडियन आर्मी, एवं शासकीय विभागों, पुलिस प्रशासन नगर पालिका प्रशासन का भी विशेष सहयोग रहा। आयोजन की जिम्मेदारी भोपाल जिला साइक्लिंग एसोसिएशन ने निभाई। प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने हेतु आयोजन में टी-शर्ट, रिफ्रेशमेंट, ज़ुम्बा डांस, एक्शन फ़ोटोग्राफ्स और सबसे महत्वपूर्ण निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था की गई। इस अवसर परसचिव डॉ. विशाल सिंह सेंगर ने कहा –नमो फिट इंडिया मूवमेंट युवाओं और समाज को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का अद्वितीय अभियान है।इस तरह के आयोजनों से फिटनेस की आदत विकसित होती है और खेलों के प्रति नई पीढ़ी का उत्साह बढ़ता है। साइक्लिंग कोच एवं कोषाध्यक्ष श्री शुभम सिंह ठाकुर ने कहा –इस साइकिल रैली का मुख्य उद्देश्य फिटनेस के साथ-साथ उन नए प्रतिभाशाली युवाओं की पहचान करना है, जो भविष्य में प्रोफेशनल साइक्लिंग के क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर सकें। तहसीलदार शक्ति तोमर ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इटारसी जैसी जगह पर इस स्तर की साइकिल रैली होना गर्व की बात है. वन रिहैब के डायरेक्टर डॉ राकेश पांडे के द्वारा कार्यक्रम में मौजूद एसडीएम टी प्रतीक राव, तहसीलदार शक्ति सिंह तोमर, सिटी थाने के उप निरीक्षक के एन रजक को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

# भ्रष्टाचार मक्के की फसल खा गया –चौहान

सरकार विरोधी जमकर नारेबाजी करते हुए किया विरोध प्रदर्शन, किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान ने विभिन्न ग्रामों का किया दौरा और कहा कि सरकार हमें मजबूर न करें.

## विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा 14 सितम्बर 2025,** सिवनी मालवा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फसलों को हुए नुकसान का सर्वे करा 40000 रुपए प्रति एकड़ की मुआवजा राशि की मांग सहित किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री का नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अध्यक्ष बाबू चौधरी, कांग्रेस प्रवक्ता केलू उपाध्याय की उपस्थिति में तहसील कार्यालय के सामने मध्य प्रदेश के कृषि मंत्री का पुतला दहन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कृषि मंत्री का पुतला दहन करते हुए सरकार विरोधी जमकर नारेबाजी करते विरोध प्रदर्शन किया। पुतला दहन के बाद सड़क किनारे जल रहे पुतले पर पुलिस के जवानों ने पानी डालकर आग बुझाने की औपचारिकता पूर्ण की।

सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में खाद नहीं मिलने से फसलों को हो रहे नुकसान और किसानों से विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करने किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान ने दौरा किया।उन्होंने सिवनी मालवा विधानसभा के आंबलीघाट, हथनापुर, बुंडाराकला, चौतलाय, झिल्लाय, खपरिया, भिलाडिया, तोरनिया, गाड़रिया, झकलाय, थुआ, म्याऊंगांव, चापड़ाग्रहण, शिवपुर, बिसौनीकला, पगढाल, भरलाय आदि ग्रामों में किसानों के खेतों में जाकर फसलों को देख और किसानों की समस्याओं को सुना। किसानों ने बताया कि सोयाबीन की फसल पीली पड़ रही है उसका सर्वे कर किसानों को राहत राशि दी जाए, सोयाबीन की खरीदी सर्मथन मूल्य पर की जाए। किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया डीएपी ग्रोमोर खाद मिल सके इसकी उचित व्यवस्था की जाए। विभिन्न ग्रामों के दौरान करने के पश्चात तहसील कार्यालय पहुंचे और किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोंपा। किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान ने कहा कि दर्जन भर से अधिक गांव का दौरा किया मक्का और सोयाबीन की फसल पूर्ण रूप से बर्बाद हो चुकी है लेकिन शासन ने ध्यान नहीं दिया शासन को लगता है कि सोयाबीन या खराब हुआ ही नहीं होशंगाबाद जिले को छोड़ दिया गया यहां कोई नुकसान नहीं हुआ जबकि सोयाबीन में एक दाना नहीं है की स्थिति है कि मक्का ढाई इंच का रह गया है। क्योंकि किसान फसल में खाद नहीं दे पाए पूर्ण रूप से फसल बर्बाद हो गई है और पूर्ण रूप से सरकार फेल हो चुकी है। हमारी मांग है कि फसलों का टक्कल सर्वे और 40 हजार रुपए एकड़ किसानों का तत्काल मुआवजा मिले। खाद और यूरिया के कारण किसने की स्थिति खराब हुई है सोयाबीन मक्का या आने वाली फसल गेहूं यदि समय पर खाते नहीं मिला तो आने वाली फसल भी बर्बाद हो जाएगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार हमें मजबूर ना करें पंजाब का किसान बनने में देर नहीं लगेगी मध्य प्रदेश और सिवनी मालवा के किसानों को। उन्होंने कहा की पीला म्यूजिक नाम मत बीमारी सोयाबीन में हो रही है उसे सोयाबीन की फसल बर्बाद हुई है। मक्के की फसल बर्बाद हुई है उसमें सरकार नामक रोग लग गया है मोहन नामक रोग लगा है। भ्रष्टाचारी रोग है उसके कारण डीएपी और यूरिया के काला बाजारी मध्य प्रदेश में चल रही है। यूरिया और डीएपी पूरे मार्केट से लापता है प्राइवेट दुकानदारों के यहां से 500 रुपए में यूरिया की बोरी मिल रही है। यूरिया 266 की बोरी 500 में मिल रही है 1350 का डीएपी 1700 से 2000 रुपये में मिल रहा है। निश्चित रूप से भ्रष्टाचार ने मक्के की फसल को खा गई। किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अध्यक्ष बाबू चौधरी ने आंदोलन की चेतावनी देते हुए कहा की मध्य प्रदेश के कृषि मंत्री का पुतला दहन किया गया। क्योंकि किसान पूरी तरीके से परेशान हो रहा है और कृषि मंत्री के नेतृत्व में मंत्रालय चल रहा है ओर वह उसे पूरी तरह निभा नहीं पा रहे है और किसान परेशान है। इसलिए प्रदेश अध्यक्ष किसान कांग्रेस धर्मेंद्र चौहान और कांग्रेस परिवार ने अनेक ग्रामों का दौरा किया देखा तो वहां सोयाबीन पीला पड़ रहा है फसल खराब हो रही है। फसलों का सर्वे कराया जाकर मुआवजा दिया जाए। मूंग फसल का भुगतान रुका हुआ है वह दिलाया

## सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत 2335 चालान काटकर वसूले 7 लाख

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम/14,सितम्बर,2025/** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में 6 अगस्त 2025 से सड़क सुरक्षा अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले एवं अन्य वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाइश दी जा रही है एवं नियमों का उल्लंघन करने वालो के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जा रही है। जिले भर में अब तक कुल 2335 चालान बनाए गए हैं, जिनसे 7 लाख रुपए से अधिक का जुर्माना वसूला गया है। अभियान के दौरान आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए आरटीओ एवं यातायात पुलिस विभाग द्वारा कुल 224 निःशुल्क हेलमेट वितरित किए गए, जिसमें आरटीओ द्वारा 118 एवं यातायात पुलिस द्वारा 106 हेलमेट प्रदान किए गए। अभियान का सकारात्मक असर भी देखने को मिल रहा है, सड़कों पर दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट उपयोग की संख्या बढ़ी है। उल्लेखनीय है कि अभियान शुरू होने के बाद से अब तक जिले में 1857 हेलमेट का विक्रय विभिन्न माध्यमों से हुआ है, जिसमें 785 पेट्रोल पंपों से, 775 डीलर शोरूम से, 204 पुलिस एवं कैंटीन से तथा 93 अन्य दुकानों से बेचे गए। इसके अतिरिक्त 22 सितम्बर तक प्रदेशव्यापी विशेष सड़क सुरक्षा अभियान भी संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित करने और उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। अभियान अवधि में तेज गति से वाहन चलाना, बिना हेलमेट या सीट बेल्ट के वाहन चलाना, नाबालिगों द्वारा वाहन संचालन, ड्रिंक एंड ड्राइव, ओवरलोडिंग, बिना लाइसेंस, बिना फिटनेस एवं परमिट के वाहन संचालन जैसी गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। अभियान के दौरान स्कूलों के पास चैकिंग कर ऑटो से अतिरिक्त सीट हटवाई गई एवं क्षमता अनुसार ही सवारी व स्कूली बच्चों को बिठाने के निर्देश दिए गए। साथ ही, विभिन्न नवाचारों के माध्यम से नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने का संदेश भी दिया गया।

## खाद की समस्या को लेकर भूख हडताल

**सिवनी मालवा 14 सितम्बर** सिवनी मालवा में खाद वितरण से परेशान और खाद की कालाबाजारी से परेशान किसानों को खाद उपलब्ध कराने की मांग को लेकर नरेन्द्र रघुवंशी भूख हड़ताल धरना प्रदर्शन पर बैठे हैं। नरेन्द्र रघुवंशी के नेतृत्व में सैंकड़ों किसानों का धरना प्रदर्शन चौथे दिन भी कृषि विभाग कार्यालय के सामने जारी रहा। नरेंद्र रघुवंशी का स्वास्थ्य विभाग द्वारा चेकअप किया गया जिसमें शुगर लेवल डाउन हो रहा है। धरना प्रदर्शन पर बैठे किसानों की मांग है कि उन्हें खाद के टोकन और खाद दी जाएं और जिन किसानों को खाद पूर्व में नहीं मिली उन्हें खाद दी जाए.

## ऑनलाइन ठगी के मामले में 3 किश्तों में खाते से कटे 16000 रुपए

नवभारत न्यूज

**सोहागपुर।** साइबर अपराध दिनों दिन बढ़ते ही जा रहे हैं जबकि भारतीय रिजर्व बैंक पुलिस विभाग एवं सरकार के द्वारा समय-समय पर लोगों को जागरूक किया जाता है परंतु लोग फिर भी साइबर ठगी का शिकार बन जाते हैं । साइबर अपराधी इतने शातिर होते हैं कि वह ठगी करने के नये नये तरीके अपनाते हैं जिससे लोग अंदाज भी नहीं लगा पाते कि इस प्रकार भी हम ठगी के शिकार बन सकते हैं जिससे लोग अनजाने में ठगी का शिकार हो जाते हैं । आज सूर्य नारायण पठारिया शास्त्री वार्ड सोहागपुर जिला नर्मदापुरम के द्वारा पुलिस थाना सोहागपुर में ऑनलाइन पैसों की धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करवाई जिसमें उन्होंने कहा कि मैं एक नगर पालिका कर्मचारी हूं और मेरा बैंक खाता भारतीय स्टेट बैंक में है ।मेरे द्वारा 7 सितंबर 2025 दिन रविवार को ऑनलाइन योनो एप के संचालन के समय किसी अनजान व्यक्ति द्वारा मेरे नंबर पर फोन किया गया और मेरे खाते में से तीन किस्तों में 16000 रुपए की राशि निकाली गई। उन्होंने पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

## नप अध्यक्ष व उनके पति को दिया नोटिस

**हरदा** जिले की खिरकिया नगर परिषद में एक नया मोड़ आ गया है । जब नगर परिषद की अध्यक्ष इंद्रजीत कौर एवं उनके पति महेन्द्र सिंह खनूजा को भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। खनूजा ने बताया कि मुझे और मेरी पत्नि इंद्रजीत कौर को भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा के द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है । जिसमें तीन दिन में जवाब देने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि हम अपना जवाब सोमवार को देंगे। वहीं नोटिस का जवाब नहीं देने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## हनुमान टेकरी जहां सबकी मन्नत होती है पूरी

गौशाला का निर्माण कार्य भी कराया गया है वह भी बंद हालत में पड़ा हुआ है।

नवभारत न्यूज

**हण्डिया 14 सितम्बर,** पुण्य सलिला माँ नर्मदा से 12 कि0 मी0 दक्षिण में ग्राम राताततलाई,और पचौला गाँव के मध्य स्थित है हनुमान टेकरी बाले बजरंग बली का यह प्राचीन चमत्कारी मन्दिर जहां 5 शनिवार हनुमान चालीसा का पाठ करने से सभी तरह की परेशानियों से मिलता है छुटकार. इस संबंध में हनुमान टेकरी के महेन्त रमेश सत्यवृत गिरी बताते हैं कि मैं पिछले 15-20 बरसों से बजरंग दादा की सेवारत हूँ। दक्षिण मुखी हनुमान जी, कि सिद्व मूर्ति के अलावा यहां शंकर जी, ज्वला देवी,सहित अन्य देव प्रतिमओ के स्थान मौजूद है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन सैकड़ों लोगों अपनी मन्नते लेकर यहाँ आते हैं और उनकी सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती है,ग्राम पंचायत राताततलाई द्वारा शौचालय का निर्माण कार्य भी किया गया है मगर वह भी अपूर्ण हालत में पडे हैं। कुछ दूरी पर गौशाला का निर्माण कार्य भी कराया गया है वह भी बद हालत में पडा़ हुआ है।

## लोक अदालत में प्रकरणों का निराकरण हुआ

**पिपरिया** लोक अदालत में बिजली विभाग के प्री लिटिगेशन के 62 प्रकरणो का निराकरण हुआ जिसमें 3 लाख25 हजार 271 की राशि प्राप्त हुई। वही बिजली विभाग के 18 लिटिगेशन प्रकरणो का निराकरण हुआ जिसमें 6,188 रूपये की राशि प्राप्त हुई ।मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में आयोजित नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रथम जिला न्यायाधीश अध्यक्ष द्वारा पूजन अर्चन कर किया गया।

## श्मशान घाट की भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग

**पिपरिया** धनासरी में शमशान घाट की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर सरपंच ने तहसीलदार व जनपद सीईओ को आवेदन देकर सीमांकन कर अतिक्रमण हटाये जाने की मांग की ।ग्राम पंचातय धनासरी के सरपंच हरभजन ठाकुर व हेमंत पटेल द्वारा धनासरी ग्राम में शमशान घाट की भूमि पर अतिक्रमण होने के कारण बाउंड्रीवाल नही बन पा रही है जिससे ग्रामीणो को परेशानियों का सामना करना पडता है। सरपंच ने आवेदन देकर सीमांकन कराने की अपील की है.

## लोक अदालत में 350 लोग लाभान्वित

नवभारत न्यूज

**सोहागपुर, 14 सितम्बर** स्थानीय न्यायालय में शनिवार 13 सितंबर 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

सुरेश कुमार चौबे द्वितीय जिला न्यायाधीश के न्यायालय के लंबित प्रकरणों में से 12 प्रकरण न्यायालय संगीता डावर मौर्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के न्यायालय से 11 प्रकरण एवं न्यायालय तेजदीप सिंह सासन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के न्यायालय से 52 प्रकरणों का निराकरण किया गया। जानकारी अनुसार कुल 75 प्रकरणों का निराकरण राजीनामा के आधार पर नेशनल लोक अदालत में किया गया। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से प्रीलिटिशन के प्रकरणों का निराकरण किया गया। विद्युत विभाग के 24 प्रकरणों में एक लाख 84 हजार 191 रुपये की वसूली हुई। बैंक एवं नगरपालिका से संबंधित बकाया राशि प्रीलिटिशन के 29 प्रकरण थे। जिनमें 12 लाख 99 हजार 208 रुपये की वसूली की गई। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से करीब 350 लोग लाभान्वित हुए।

## चौरिया समाज का सम्मान समारोह 26 अक्टूबर को

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 14 सितम्बर** आज रविवार को शहर के सांई कृष्णा रिजॉर्ट में चौरिया कुर्मी समाज महासंघ की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने अपने विचार रखे। समाज के जिला अध्यक्ष नवीन पटेल ने कहा कि 26 अक्टूबर को प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया। सचिव गिरधारी चौरे कहा कि इस वर्ष सम्मान समारोह के अलावा सात दिवसीय सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती महोत्सव मनाया जाएगा। सम्मान समारोह में समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के अलावा, सैनिकों, उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज के युवाओ, समाजसेवी, समाज विकास में उत्कृष्ट योगदान देने वाले को सम्मानित किया जाएगा। बी. के. पटेल, पुरूषोत्तम पटेल, शीतल चौधरी, रामकिशोर चौरे और रामप्रसाद बरकुर ने भी अपने विचार रखे।

## रास्ता खराब होने से ग्रामीण परेशान

**पिपरिया** ग्राम पंचायत बीजनवाडा के अंतर्गत बनवारी रोड एक स्कूल के पास रास्ता अत्यधिक खराब होने पर ग्रामीणो को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड रहा है। जनसुनवाई के दो माह बीतने पर भी पंचायत व विभागीय अधिकारियों द्वारा गंभीरता से नही लिया जा रहा है। रोड पर एक स्कूल के पास बारिस के कारण रास्ता अत्यधिक खराब हो गया इस संबंध में ग्रामीणो द्वारा जनसुनवाई में आवेदन भी दिया.

## सर्वब्राम्हण समाज संगठन की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**हरदा, 14 सितम्बर** सर्व ब्राह्मण समाज संगठन की एक बैठक रविवार शाम को सिध्दवीर हनुमान मंदिर स्थित कार्यालय में हुई ।इस दौरान परशुराम शिक्षा रत्न सम्मान समारोह की समीक्षा सहित अन्नकूट उत्सव एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन को लेकर चर्चा हुई ।बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष सुनील तिवारी ने की ।इस दौरान कार्यकारी अध्यक्ष आचार्य पंडित ओमप्रकाश पुरोहित,उपाध्यक्ष संदीप स्वामी, मिडिया प्रभारी अखिलेश पाराशर, उपाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा,संयोजक नितेश बादर,महिला इकाई अध्यक्ष विनीता राजोरिया, सचिव अदिति गुरु,नगर अध्यक्ष दीपक शुक्ला, युवा इकाई अध्यक्ष विवेक बादर, नवीन शर्मा, सचिव सुदीप मंडलोई ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर अपने विचार रखे ।बैठक में सर्वसम्मति से अन्नकूट उत्सव प्रभारी संदीप स्वामी,सह प्रभारी प्रशांत शर्मा को बनाया गया।

## एक पंखा पितृ के नाम जागरुकता अभियान

**नर्मदापुरम** कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन में नर्मदापुरम में एक पंखा पितृ के नाम जागरूकता अभियान के तहत शासकीय शालाओं में पंखे वितरित किए गए। यह अभियान जिला शिक्षा केंद्र नर्मदापुरम डॉ. राजेश जायसवाल के नेतृत्व में शुरू किया गया है। जिसके तहत जनपद शिक्षा केंद्र केसला से श्रीमती रत्ना सोनिया केसला, श्री शालीन दास केसला एवं श्री जगत गौर द्वारा इटारसी , तहसीलदार इटारसी से सम्पर्क कर शासकीय शालाओं में पंखा भेंट कर सकते हैं

## शतरंज खेलने से एकाग्रता बढ़ती है– कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**हरदा, 14 सितम्बर** डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के द्वारा चौथे चेस टूर्नामेन्ट का आयोजन रविवार को नालेज पब्लिक स्कूल टिमरनी में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन के मुख्य आतिथ्य में सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर की गई। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री जैन ने कहां कि टिमरनी जैसी जगह में भी इतने उत्साह के साथ प्रतियोगियों ने भाग लिया यह बहुत हर्ष की बात है। प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि शतरंज खेलने से बौद्धिक विकास होता है और एकाग्रता बढ़ती है। वर्तमान समय में जीवन में एकाग्रता अति आवश्यक है। वहीं जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा शतरंज खेल में खिलाड़ियों की रुचि और प्रतिभा को देखते हुए कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के द्वारा जिला चेस एसोसिएशन को चेस खेल सामग्री में 50 चेस मेट , 50 नग़ चेस की गोटी एवं 50 नग़ टाइमर वॉच प्रदान की गई। इसके अलावा टिमरनी से श्री सचिन दुबे के द्वारा 20 चेस सेट एवं अग्रवाल समाज के अध्यक्ष श्री विनोद बंसल के द्वारा 15 चेस सेट एसोशिएशन को प्रदान करने पर उन्हें एसोशिएशन ने धन्यवाद प्रेषित किया । चेस प्रतियोगिता में 88 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस दौरान 15 वर्ष से कम आयु वर्ग के 61 खिलाड़ी एवं ओपन वर्ग में 27 खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल हुए। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन अध्यक्ष आलोक जैन, सचिव पी.सी. पोर्ते, मिडिया प्रभारी रोहित तिवारी, कोषाध्यक्ष सत्यम बंसल, विनोद उपाध्याय, रामनिवास जाट आदि थे.

## उमंग दिवस मनाया

**पिपरिया** सांदीपनि शासकीय आरएनए उत्कृष्ठ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उमंग दिवस मनाया गया। कक्षा 9वीं से 12वीं कक्षाओं में शासकीय शालाओ में उमंग हेल्थ एवं वेलनेश कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में माँ सरस्वती की पूजन के साथ उमंग गतिविधियां,क्विज खुल जा सिम सिम स्वयं के अनुभव सांझा करना आदि कार्यक्रम हुए। उमंग परामर्शदाता सतीश वर्मा ने छात्रो को मार्गदर्शन दिया।

## अभियान कर्मयोगी की कार्यशाला का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**बनखेडी, 14 सितम्बर** आज जनपद पंचायत सभागार बनखेडी में जनजातिय कार्य विभाग की ब्लाक प्रोसेस लेब कार्यशाला का आयोजन प्रारंभ हुआ.

दो दिवसीय कार्यशाला का सुभारम्भ जनपद पंचायत के बी पी ओ कुमरे द्वारा क्रिया गया । कार्यशाला में राजस्व विभाग, महिला बाल विकास, जनजातिय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा वन विभाग के लोकमेत्रको ने सहभागिता की । मास्टर ट्रेनर हरगोविंद मालवी प्राचार्य मॉडल स्कूल बाचाचानी ने बताया की कार्यशाला का उद्देश्य सभी विभागों के सामंजस्य से विकास खंड के चयनित ग्रामो में जनजातिय वर्ग के लोगो को प्रधानमंत्री भारत सरकार तथा मध्यप्रदेश सरकार की योजनाओं का अन्तिम व्यक्ति तक शत प्रतिशत तक लाभ पहुंच सके तथा इस वर्ग के अंतिम व्यक्ति की आवश्यकताओं को शामिल करते हुए ग्रामविकास योजना का निर्माण किया जाना है।

कार्य शाला में अन्य मास्टर ट्रेनर प्रेमशंकर कुशवाहा हॉस्टल अधीक्षक दिव्या पाठक महिला बाल विकास अधिकारी अमित कुमार अखंडे स्वास्थ्य विभाग तथा बृजकिशोर सोनी वन विभाग वनखेडी उपस्थित रहे ।

### संशोधन सूचना

स्थानांतरण प्रमाणपत्र टीसी गुम में शुभम पिता रामकिशोर मालवीय के स्थान पर शुभ पिता रामकिशोर पढा जावे.

## हिन्दी दिवस के अवसर पर शिक्षकों का हुआ सम्मान



नवभारत न्यूज

**सोहागपुर, 14 सितम्बर** नगर के एक निजी स्कूल में शनिवार को हिंदी दिवस के अवसर पर अशासकीय शिक्षक संगठन द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक के निजी स्कूलों के उन शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है या लंबे समय से शिक्षा सेवा में योगदान दे रहे हैं। आयोजक अशासकीय शिक्षण संगठन अध्यक्ष संदीप यादव एवं पंडित प्रदीप दुबे ने बताया सम्मान स्वरूप शिक्षकों को शील्ड व %एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ हैं और प्राइवेट संस्थान भी शिक्षा जगत में अहम योगदान दे रहे हैं, जिन्हें सम्मानित करना गर्व की बात है। विधायक विजयपाल सिंह ने कहा कि अशासकीय संस्थानों के शिक्षक भी उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं और उनका योगदान सराहनीय है। उन्होंने घोषणा की है कि क्षेत्र में एक बड़ा हाल बनाया जाएगा, जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम, लाइब्रेरी एवं बच्चों के अध्ययन के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा ने शिक्षकों से उत्कृष्ट कार्य करने का आह्वान करते हुए बेहतर रिजल्ट की अपेक्षा जताई और सभी को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर सांसद, विधायक एवं पूर्व विधायक ने आचार्य अमरीश गोस्वामी द्वारा लिखित पुस्तिका का विमोचन भी किया। अध्यक्ष संदीप यादव ने सभी अतिथियों, विद्यालय संचालकों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

## ब्लॉक कांग्रेस ने किया कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मान समारोह

**सोहागपुर** ब्लाक कांग्रेस सोहागपुर द्वारा रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डन पांडे और जिला किसान कांग्रेस बाबू चौधरी का सम्मान किया गया। बाबू चौधरी ने अपने संबोधन में कांग्रेस में नवाचार करने पर जोर दिया गया। वहीं गुड्डन पांडे ने कांग्रेस को बूथ स्तर पर मजबूत करने की बात कही गई। पुष्पराज पटेल ने आगामी नगरीय चुनावों के लिए तैयार रहने को कहा। अभिलाष चंदेल ने भी कांग्रेस को मजबूत करने की बात कही। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी राममूर्ति पटेल, राजेंद्र सिंह चौधरी, प्रताप सिंह पटेल, लक्ष्मी नारायण सोनी, विनोद साहू, मंगल सिंह रघुवंशी, गोविंद साहू, विजय अग्रवाल, रमन शुक्ला, हकीम खान बाबई, हरगोविंद ठाकुर उपस्थित थे।

## विद्याभारती का जिला स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव संपन्न




नवभारत न्यूज

**इटारसी, 14 सितम्बर** विद्याभारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल, मालवीयगंज में दो दिवसीय जिला स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव का रंगारंग समापन हुआ। इस अवसर पर पूरे जिले के 08 सरस्वती शिशु मंदिर स्कूलों से आए 167 से अधिक छात्र-छात्राओं ने गायन, वादन, नृत्य, नाटक, मूर्तिकला, चित्रकला, रंगोली, प्रश्नमंच और तात्कालिक भाषण जैसी कुल 19 विधाओं में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। महोत्सव का उद्घाटन एच. एल. अग्रवाल और राधिका चौधरी ने दीप प्रज्वलन कर किया। समापन सत्र में प्रतिष्ठित व्यवसायी व गायक शशांक बैसाखिया तथा विद्यालय की पूर्व छात्रा एवं सुप्रसिद्ध फैशन डिज़ाइनर अंकिता चंद्रवंशी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विभिन्न विधाओं के विशेषज्ञ निर्णायकों ने सभी प्रस्तुतियों का निष्पक्ष और रचनात्मक मूल्यांकन कर श्रेष्ठ प्रतिभाओं का चयन किया। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, नेतृत्व और रचनात्मक सोच को निखारने के साथ उन्हें समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए तैयार करते हैं। समिति उपाध्यक्ष एवं विद्याभारती सह जिला प्रतिनिधि अभिषेक तिवारी ने कहा सांस्कृतिक प्रतियोगिताएँ केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण की कार्यशाला हैं। इनसे बच्चों में संगठन, अनुशासन और राष्ट्रभावना विकसित होती है, जो उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। चयनित प्रतिभागी अब आगामी संभागीय और प्रांतीय प्रतियोगिताओं में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे और यहाँ से विजयी विद्यार्थी अगले महीने होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। महोत्सव में सौरभ उपाध्याय अशोक कुमार दुबे (संयोजक), प्राचार्य रविशंकर यादव सहित नर्मदाप्रसाद मालवीय, प्रतापसिंह राजपूत, राजकुमार पटेरिया, रामगोपाल शर्मा, योगेश शुक्ला, रजनी मालवी, देवेंद्र सैनी एवं अभिभावक तथा छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।